कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः– खेलकूद कोटा वर्ष 2025–26 के तहत् भर्ती के संबंध में– जयपुर मण्डल।

सन्दर्भः–1. रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा खेलकूद कोटे के तहत् भर्ती हेतु जारी अधिसूचना सं. 01/2025 दिनांक 30.06.2025

2. इस कार्यालय द्वारा जारी समसंख्यक सूचना दिनांक 11.02.2026

-----------

उपरोक्त संदर्भित पत्र 2 के अनुसार जयपुर मण्डल पर पे मैट्रिक्स लेवल–1 के पदों पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की ट्रायल की दिनांक 09.03.2026 से शुरू करने की संभावना हेतु सूचनार्थ प्रसारित की गई थी ।

उपरोक्त की निरंतरता में अब जयपुर मण्डल पर खेलकूद कोटा के तहत् भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों की ट्रायल का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है–

| S. No. | Name of Game & Position/ Weight Cat. | No. of Vacancies (For Men/ Women) | Trial Date | Trial Venue |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Volleyball- Attacker | 01(Men) | 10.03.2026 | Railway Cricket Ground, Ganpati Nagar Railway Colony, Jaipur(Raj.)-302006 |
| 2 | Volleyball- All Rounder | 01(Men) | 10.03.2026 | Railway Cricket Ground, Ganpati Nagar Railway Colony, Jaipur(Raj.)-302006 |
| 3 | Boxing – 85 KG | 01(Men) | 11.03.2026 | Sawai Mansingh Stadium (SMS), Jaipur (Raj.) |
| 4 | Hockey-Forward | 01(Men) | 11.03.2026 | Sawai Mansingh Stadium (SMS), Jaipur (Raj.) |
| 5 | Cricket- Medium Pacer | 01(Men) | 23.03.2026 | Railway Cricket Ground, Ganpati Nagar Railway Colony, Jaipur(Raj.)-302006 |

उपरोक्तानुसार ट्रायल हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट पर शीघ्र ही बुलावा पत्र अपलोड किये जायेंगे।

ट्रायल के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए निर्देश–

1. अभ्यर्थी अपने साथ ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड किये गये सभी दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक सेट स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति ट्रायल में भाग लेने के समय आवश्यक रुप से साथ लावें अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने का अवसर नहीं दिया जायेगा। यदि कोई दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है तो उसका अनुवाद हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्वयं द्वारा सत्यापित कर साथ में लाना होगा। केवल उन्हीं दस्तावेजों पर विचार किया जायेगा, जिन्हें ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड किया गया हो।
2. ट्रायल हेतु उपस्थित होने वालें अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का दैनिक/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा एवं स्वयं के खर्चे पर उपस्थित होंगे।
3. अभ्यर्थी ट्रायल के समय संबंधित खेल की किट आवश्यक रुप से अपने साथ लावें।
4. अभ्यर्थियों को ट्रायल एवं भर्ती की प्रक्रिया हेतु 02–03 दिन रुकना पड सकता है, जिसके लिए उन्हें स्वयं के स्तर पर व्यवस्था करनी होगी।
5. रेल प्रशासन ट्रायल की तिथि में किसी बदलाव, स्थान परिवर्तन अथवा अपरिहार्य परिस्थिति में निरस्त करने का अधिकार रखता है, जिसके लिए किसी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

लगातार........पेज 02

Scanned with OKEN Scanner

6. अभ्यर्थी अपने साथ इस आशय का नोटेरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र आवश्यक रुप से लावें कि, वह किसी सरकारी/अर्ध–सरकारी अथवा स्वायत निकाय में कार्यरत है अथवा नहीं।
7. ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड की गई फोटोग्राफ दस्तावेज सत्यापन/ट्रायल के समय मिलान होनी चाहिए।
8. चयन हेतु किसी भी प्रकार की Canvassing, Misbehavior or Misconduct के लिए उम्मीद्वारी निरस्त की जा सकती है, जिसके लिए कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवा/ड्रग्स/स्टेरॉईड/एल्कोहॉल का उपयोग पूर्णतया वर्जित है तथा उम्मीद्वार को आवश्यक होने पर चिकित्सा जांच हेतु भेजा जा सकता है। इन पदार्थो का उपयोग किया पाये जाने पर ट्रायल/भर्ती प्रक्रिया में भाग नहीं लेने दिया जायेगा तथा उसकी उम्मीद्वारी को रद्ध करते हुए भारतीय रेलवे की सभी भर्ती प्रक्रियाओं से वंचित कर दिया जायेगा।
10. किसी भी उम्मीद्वार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिरुपण(Impersonation) करने का प्रयास नहीं करना चाहिए या किसी प्रतिरुपक(Impersonator) की सहायता नहीं लेनी चाहिए। ऐसे उम्मीद्वार को सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं या रेलवे में किसी भी नियुक्ति में शामिल होने से आजीवन वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही उम्मीद्वार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
11. उक्त के अतिरिक्त रेलवे भर्ती कक्ष द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या 01/2025 (NWR/Sports/Open Advt.) दिनांक 30.06.2025 में निहित सभी नियम व शर्तें अक्षरशः लागू रहेगी।
12. उम्मीद्वारों को सलाह दी जाती है कि, वे रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटर्स से सावधान रहें।

(सं.– गोप./E/1068/Sports Rectt./RRC-2025-26 दिनांक 23.02.2026)

(अनुराज गुप्ता)
मंकाधि/कृ.मं.रे.प्र.(कार्मिक)
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

Scanned with OKEN Scanner